मुझे स्क्रिप्ट से ज्यादा लोगों की परवाह है: कंगना रनौत

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी दमदार भूमिकाओं के लिए आलोचकों से लेकर दर्शकों तक का प्यार बटोर रही है और उन्हें अवार्ड पे अवार्ड मिल रहे हैं। लेकिन उनका कहना है कि वे स्क्रिप्ट की परवाह नहीं करती है, बल्कि फिल्म साइन करने से पहले यह देखती हैं कि उन्हें किन लोगों के साथ काम करना है। कंगना को उनकी फिल्म क्वीन के लिए फिल्मफेयर की तरफ से बेस्ट अभिनेत्री का अवार्ड मिला है।

हाल ही में कंगना ने न्यूयार्क की फिल्म एकेडमी से स्क्रीनप्ले राइटिंग का कोर्स पूरा किया है। तो क्या कंगना फिल्म निर्देशन में कदम रखने वाली है। यह पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हां मैंने यह कोर्स यह ध्यान में रखते हुए किया है कि जब मैं निर्देशन करुं तो बजाए चिल्लाकर निर्देश देने के मैं फिल्म से जुड़े टेक्नीशियन से तालमेल बिठा सकूं।

कंगना ने बताया कि साल 2011 में उन्होंने एक नौ मिनट की अवधि की एक शार्ट फिल्म का निर्देशन किया था। इस फिल्म की कहानी एक बिलक्षण शक्तियों वाले 5 साल के बच्चे पर आधारित थी। उन्होंने अपनी फिल्म के सेट पर सभी का पूरा ध्यान रखा। यहां तक कि फिल्म में काम करने वाले बच्चे का खानपान से लेकर आराम तक का पूरा ध्यान रखा गया।

कंगना ने बताया कि जब उन्होंने हिन्दी फिल्मों मे कदम रखा तो उस वक्त उनकी उम्र महज 17 साल थी। उन्होंने अपने कैरियर में बहुत सारी गलतियां की है। इसलिए उनका मानना है कि अब वे स्क्रिप्ट को ध्यान में रखकर फिल्में साइन नहीं करती हैं। बल्कि उस फिल्म में उनके साथ कौन लोग हैं, उनके लिए यह ज्यादा महत्वपूर्ण है।

उन्होंने यह स्वीकार किया कि क्वीन के बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई है और लोग उनके साथ काम करने के लिए मरे जा रहे हैं। लेकिन वे सोच समझकर ही फिल्में साइन करना चाहती हैं।

कंगना ने कहा कि निखिल आडवाणी (क्वीन), सुजॉय घोष (कहानी) और आनंद रॉय (तनु वेड्स मनु) उनके दिल के करीब हैं और इनके साथ वे हमेशा काम करना चाहेंगी।

WWW.SAROKAR.COM
सरोकार
'सिर्फ़ समाचार ही नहीं, समस्या का भी समाधान'

भौतिकवादी संस्कृति के चलते आज का मीडिया भी सेवा कम व्यापार ज्यादा की परिपाटी पर चल पड़ा है। ऐसे में शोषित और कमजोर लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने में मीडिया घरानों की रुचि दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। मीडिया से जुड़े कमोबेश ज्यादातर संस्थान और उनके नुमाईंदे सिर्फ और सिर्फ लाभ कमाने में लगे हैं। पैसा लेकर मनगढ़ंत खबरें प्रकाशित की जा रहीं हैं। इतना ही नहीं मीडिया से जुड़े लोग भ्रष्ट आचरण अपना कर दलाली जैसे धंधे में लिप्त होते नज़र आ रहे हैं। ये लोग अपने निजी स्वार्थ में इतने ज्यादा संलिप्त होते जा रहे हैं नतीजतन समाज के गलत लोगों के अनैतिक कार्यों / व्यापारों में भी ये मीडिया के नुमाईंदें भरपूर सहयोग करने से नहीं चूकते। सरोकार ने पत्रकारिता के मूल उद्देश्य को बरकरार रखते हुए सीमित संसाधनों के बल पर अपना सामाजिक दायित्व निभाने का बीड़ा उठाया है। इसी प्रयोजन के तहत ''सरोकार पत्र समूह'' अपनी पंचलाइन 'सिर्फ समाचार ही नहीं, समस्या का भी समाधान' को चरितार्थ करते हुए समाज के हर तबके की सहायता करने और उसकी समस्याओं में सहभागी बनने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। आज के तेज रफ्तार युग में आमजन के समक्ष तमाम तरह की मुसीबतें पेश आती हैं सरकारी और सार्वजनिक सुविधाओं का बुरा हाल है, भ्रष्टाचार और काहिली के चलते जनता को राहत पहुंचाने वाले विभाग इनके शोषण पर उतारू हैं। आमजन हसरतभरी निगाहों से अपने द्वारा ही चुने गए जनप्रतिनिधियों के चक्कर इस आस से लगाते नहीं थकते कि यहां से उनक ो राहत मिलेगी। लेकिन अक्सर देखने में आता है कि लोग इनके पास से भी निराश ही लौटते हैं। हमारा आमजन से आवह्वान है यदि उनको समस्त सरकारी व गैर सरकारी विभागों से किसी भी प्रकार की शिकायत या परेशानी हो तो इधर-उधर भटकने के बजाए हमें अपनी समस्या से लिखित अथवा व्यक्तिगत रूप से अवगत कराएं। सरोकार सभी को विश्वास दिलाता है कि हम आपको अन्याय से लड़ने के रास्ते भी दिखाएंगे और उनका समाधान भी ताकि आप भी अन्य शोषित लोगों के लिए मार्गदर्शक व प्रेरक साबित हो सकें। हमें आशा है कि देश के जागरूक नागरिक अपनी समस्याएं, सुझाव और प्रतिक्रियाएं हमारे सम्मुख पेश करेंगे। आप अपनी समस्याएं, सुझाव और प्रतिक्रियाएं हमें निम्नलिखित पते पर प्रेषित करें आप दिए गए दूरभाष पर भी संपर्क कर सकते हैं।



सिराज साहिल

सरोकार पत्र समूह

चतुर्थ तल, प्रताप भवन, 5 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002.
फोन : 011-43518682 मोबाइल: 9540297770 9250334542 9891957770, 9718087770
ई-मेल:editor.sarokar@gmail.com

श्रद्धा करती हैं कहानी से फिल्मों का चयन

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के फिल्मों के चयन को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि वह हिंदी फिल्म उद्योग में सीक्लव की रानी के रूप में राज कर रही हैं। उनकी झोली में फिलहाल एबीसीडी-2 और रॉक ऑन-2 जैसी फिल्में हैं। श्रद्धा का कहना है फिल्मों के चयन में वह किसी एक तरीके को नहीं अपनाती हैं वह तो मात्र अच्छी कहानियों के आधार पर फिल्मों का चयन करती हैं।

श्रद्धा ने एक बयान में कहा, मैं किसी तरीके को तो नहीं जानती, लेकिन मैं खुद को बहुत ही किस्मतवाला मानती हूं कि मैं इतने प्रतिभावान लोगों के साथ काम कर रही हूं और अच्छी कहानियों का हिस्सा हूं। तीन पत्ती और लव का द एंड जैसी असफल फिल्मों के बाद श्रद्धा कपूर को 2013 में रोमानी फिल्म आशिकी-2 से सफलता मिली। यह फिल्म 1990 में आई फिल्म आशिकी की रीमेक थी।

श्रद्धा कपूर कोरियाग्राफर-डायरेक्टर रेमो डिसूजा की नृत्य पर आधारित फिल्म एबीसीडीः एनीबडी कैन डांस के सीक्वल में वरुण धवन के साथ नजर आएंगीं। एक विलेन और हैदर जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से श्रद्धा ने बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने डांस बसंती गाने पर नृत्य की शैली से अपनी प्रतिभा का भी लोहा मनवाया है।

मीका ने केजरीवाल से की मुलाकात, बताया विनम्र और साधारण इंसान

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बॉलीवुड गायक मीका सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से चाय पर मुलाकात की। बाहर निकलने के बाद मीका ने कहा कि मुख्यमंत्री बहुत ही विनम्र और साधारण इंसान हैं। मीका ने ट्विटर पर भी आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। मीका ने ट्वीट किया, मैं अत्यंत विनम्र आम आदमी केजरीवाल से मिला। वह बहुत साधारण व्यक्ति हैं और हां, हमारे मुख्यमंत्री भी। मीका ने केजरीवाल से मुलाकात की अपनी तस्वीर भी ट्विटर पर पोस्ट की और चाय के लिए केजरीवाल को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मेरे पास शब्द नहीं हैं। केजरीवाल और सुनीता भाभी (केजरीवाल की पत्नी) कितने विनम्र और साधारण लोग हैं। चाय के लिए बहुत धन्यवाद। 37 वर्षीय गायक मीका ने आप नेता डॉ.कुमार विश्वास से भी मुलाकात की। उन्होंने लिखा, सबसे अच्छे दोस्त, सबसे अच्छे व्यक्ति और सबसे अच्छे कवि कुमार विश्वास से भी मिला। भाई मैं गाने का इंतजार कर रहा हूं। मीका तू मेरे अगल बगल है, पुंगी और साजना जैसे कई सफल हिंदी गाने गा चुके हैं।

प्यार और कुत्ते से भर जाएगा जीवन का खालीपन: जेनेलिया

बॉलीवुड अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा ने कहा है कि आपको अपनी जिंदगी में खाली जगह भरने के लिए केवल प्यार और एक कुत्ते की जरूरत होती है। जेनेलिया ने रविवार को ट्वीट किया, आपको केवल प्यार और कुत्ते की जरूरत है और आपकी जिंदगी में किसी चीज की कमी नहीं रहेगी। जन्मदिन की बधाई फ्लैश.. तुम मेरी हंसी का कारण हो। अभिनेत्री ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर अपने पालतू कुत्ते के साथ अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की।

जेनेलिया ने अभिनेता रितेश देखमुख से शादी की है। पिछले साल ही बॉलीवुड की इस जोड़ी से एक बच्चे रियान जन्म लिया है। रितेश और जेनेलिया 2003 से एक-दूसरे के साथ प्रेम संबंध में थे और 2012 में दोनों ने एक-दूसरे के वैवाहिक संबंध में बंध गए। तुझे मेरी कसम और तेरे नाल लव हो गया जैसे फिल्मों में एक साथ दिख चुकी इस जोड़ी को बॉलीवुड की सबसे सुंदर जोड़ी के रूप में जाना जाता है।

स्टार प्लस ने लांच किया तेरे शहर में

वह आजादखयाल है, फैशन की दीवानी है, शॉपिंग की शौकीन है, इरादों की मजबूत है और सबसे बड़ी बात कि उसका दिल सोने का है, मिलिये नये जमाने की लड़की आम्या माथुर से जो सुख सुविधाओं के बीच पैदा हुयी है और कभी जिंदगी में किसी परेशानी का सामना नहीं किया। लेकिन बुरा वक्त ही इंसान का असली किरदार सामने लाता है। आम्या क्या चुनौतियों के सामने झुक जायेगी या फिर उनका सामना कर और मजबूत होगी। भारत का प्रमुख जनरल इंटरटेनमेंट चैनल शुरू कर रहा है तेरे शहर में 2 मार्च रात 10 बजे से।

तेरे शहर में अमीर और प्रभावशाली माथुर परिवार की कहानी है जिसमें रिशी (सचिन त्यागी), स्नेहा (गौतमी कपूर) और उनकी तीन बेटियों रचिता (अंजुम फाकिह), अमाया (हीबा नवाब) और जासमीन (इशा मिश्रा) हैं। एक दूसरे के करीब इस परिवार का हिस्सा अमाया का अपने पिता रिशी माथुर के साथ एक खास जुड़ाव है जो उसे ?सुपरमैन? कहते हैं। उसे किसी चीज के लिये सोचना नहीं पड़ता है क्योंकि वह जो भी चाहती है वह उसकी मां स्नेहा माथुर के लिये चिंता का विशय बन जाता है। स्नेहा की जिंदगी में अचानक एक बड़ा बदलाव आता है और उसकी जिंदगी बिल्कुल

बदल जाती है। उसे मुंबई की आरामदायक जिंदगी छोड़ कर बनारस आना पड़ता है और परिवार की दुलारी बेटी से जिम्मेदारी उठाने वाला सदस्य बनना पड़ता है।

चैनल के एक प्रवक्ता ने कहा कि स्टार प्लस की कोशिश हमेशा संध्या, इशिता और अंजलि जैसे किरदारों को सामने लाने की होती है जो कठिन मेहनत कर अपने सपने पूरे करती हैं। तेरे शहर में की अमाया ऐसा की एक प्रेरक किरदार है। हम राजन शाही के साथ बिदाई और ये रिश्ता क्या कहलाता है जैसे सफल शोज करने के बाद फिर से उनके साथ आकर खुश हैं। डायरेक्टर्स कट के निमार्ता राजन शाही ने कहा, मैं नंबर-1 प्लेटफॉर्म स्टार प्लस के साथ फिर से काम करके बहुत खुश हूं और उम्मीद करता हूं कि हमारी यह कोशिश रंग लायेगी। तेरे शहर में की शूटिंग पेरिस बनारस और मुंबई में हुयी है और इसके निर्देशन ऑस्कर नॉमिनेटेड निर्देशक ग्यान कोरया कर रहे हैं जो शो को एक नया आयाम देंगे। गौतमी कपूर, सचिन त्यागी और हीबा नवाब प्रमुख किरदारों में हैं।